4. 'परशुराम के उपदेश' कविता के संदर्भ में 'चट्टानों की छाती से दूध निकालो' - से क्या अभिप्राय है?

(क) विपरीत परिस्थितियों में अपना लक्ष्य प्राप्त करो

(ख) विपरीत परिस्थितियों में अपना मस्तक ऊँचा रखना

(ग) चट्टानों से अमृत निकालना

(घ) चट्टानों से जलधारा निकालना

उत्तर - (क) विपरीत परिस्थितियों में अपना लक्ष्य प्राप्त करो

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

5. 'आँधियाँ नहीं जिसमें उमंग भरती है' - पंक्ति में 'आँधी' प्रतीक है:

(क) बाधाएँ **(ख) तेज हवा**

(ग) क्रांति **(घ) बदलाव**

उत्तर - (क) बाधाएँ

6. 'हो गई है पीर पर्वतों सी' - पंक्ति के संदर्भ में लिखिए कि 'पीर का पर्वतों के समान होना' से क्या अभिप्राय है?

(क) अगम्य होना **(ख) ऊँचा होना**

(ग) दुर्गम होना **(घ) विशाल होना**

उत्तर - (घ) विशाल होना

7. 'संयुक्त परिवार' कविता के कवि के घर से कभी कोई बिना मिले क्यों नहीं लौटा?

(क) संयुक्त परिवार होने के कारण

(ख) आवभगत किए जाने के कारण

(ग) घर में ताला नहीं लगे होने के कारण

(घ) घरवालों के सद्व्यवहार के कारण

उत्तर - (क) संयुक्त परिवार होने के कारण

8. 'भेड़िया' कविता में भेड़िया प्रतीकार्थ है:

(क) सामूहिक चेतना का

(ख) हिंसा का

(ग) शोषक वर्ग का

(घ) शोषित वर्ग का

उत्तर - (ग) शोषक वर्ग का

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

9. 'चीफ की दावत' पाठ में शामनाथ किस वर्ग का प्रतिनिधित्व कर रहा है?

(क) सामान्य वर्ग का

(ख) निम्न वर्ग का

(ग) मध्यम वर्ग का

(घ) उच्च वर्ग का

उत्तर - (ग) मध्यम वर्ग का

10. शामनाथ और उसकी पत्नी को पसीना पोंछने की फुर्सत क्यों नहीं थी?

(क) नौकर के अचानक छुट्टी पर चले जाने के कारण

(ख) चीफ की दावत का प्रबंध करने के कारण

(ग) काम करने की आदत न होने के कारण

(घ) घर को व्यवस्थित करने के कारण

उत्तर - (ख) चीफ की दावत का प्रबंध करने के कारण

11. 'चीफ की दावत' पाठ साहित्य की किस विधा में लिखा गया है?

(क) कहानी **(ख) निबंध**

(ग) संस्मरण **(घ) एकांकी**

उत्तर - (क) कहानी

12. 'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' पाठ के वयोवृद्ध साहित्यकार जेब में क्या रखकर घूमते थे?

(क) मोटा चश्मा **(ख) निमोनिया की दवा**

(ग) सुनने वाली मशीन **(घ) पाचन चूरन**

उत्तर - (ख) निमोनिया की दवा

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

13. 'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' पाठ में मंदिर में स्थापित देवताओं के नाराज़ होने का क्या कारण था?

(क) युवाओं के द्वारा जीवन का आनंद लेना

(ख) उनका बाग-बगीचों में नहीं घूम पाना

(ग) युवाओं द्वारा उनकी रॉयल्टी का प्रबंध न करना

(घ) पेड़ों पर उनके झंडों का न लग पाना

उत्तर - (क) युवाओं के द्वारा जीवन का आनंद लेना

14. लेखक की दृष्टि में कुटज के पेड़ को 'कूटज' कहना अधिक उचित क्यों है?

(क) अद्‌भुत जिजीविषा के कारण

(ख) मौसम की मार से बेअसर रहने के कारण

(ग) छोटा-सा शानदार वृक्ष होने के कारण

(घ) गिरिकूट पर उत्पन्न होने के कारण

उत्तर - (क) अद्‌भुत जिजीविषा के कारण

15. 'आषाढ़स्य प्रथम दिवसे' में यक्ष ने किन फूलों से मेघों की अभ्यर्थना की थी?

(क) नोलोत्पल **(ख) मल्लिका**

(ग) वकुल **(घ) कुटज**

उत्तर - (घ) कुटज

16. कुटज को 'बडभागी' क्यों कहा गया है?

(क) कालिदास के काम आने के कारण

(ख) रहीम के काम आने के कारण

(ग) रामगिरि पर्वत शर्ङ्खला पर होने के कारण

(घ) फूलों से लदा होने के कारण

उत्तर - (घ) फूलों से लदा होने के कारण

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

17. सेल्यूलर जेल की नीचे की चार कोठरियों को 'काल कोठरियाँ' क्यों कहा जाता था?

(क) कैदियों को सबसे पहले वहीं रखे जाने के कारण

(ख) फाँसी दी जाने से पहले कैदियों को वहाँ रखने के कारण

(ग) काल के समान भयानक दिखाई दिए जाने के कारण

(घ) साफ-सफाई का उचित प्रबंध न होने के कारण

उत्तर - (ख) फाँसी दी जाने से पहले कैदियों को वहाँ रखने के कारण

18. अच्छे पत्र का गुण नहीं है :

(क) संक्षिप्तता **(ख) प्रभावशीलता**

(ग) सरलता **(घ) क्लिष्टता**

उत्तर - (घ) क्लिष्टता।

19. टिप्पण पर सहायक किस ओर हस्ताक्षर करता है?

(क) बाईं ओर **(ख) दाईं ओर**

(ग) मध्य में **(घ) ऊपर की ओर**

उत्तर - (क) बाईं ओर

20. 'हमारी सोसायटी में दो गार्ड हैं'- कथन प्रयुक्ति के आधार पर किस भेद के अंतर्गत आता है?

(क) साहित्यिक हिंदी

(ख) कार्यालयी हिंदी

(ग) संचार माध्यम की हिंदी

(घ) सामान्य व्यवहार या बोलचाल की हिंदी

उत्तर - (घ) सामान्य व्यवहार या बोलचाल की हिंदी

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

21. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में दीजिए :

(i) अंडमान डायरी' पाठ के लेखक का क्या नाम है?

उत्तर - श्रीकांत वर्मा

(ii) 'कुटज' पाठ के आधार पर लिखिए कि 'नाम' किसे कहते हैं?

उत्तर - 'कुटज' पाठ के आधार पर 'नाम' वह है जिसे सामाजिक स्वीकृति मिली होती है।

(iii) 'भरत-राम का प्रेम' पाठ किस छंद में लिखा गया है?

उत्तर - चौपाई

22. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही/गलत में दीजिए :

(i) अद्र्ध सरकारी पत्र प्रथम पुरुष में लिखे जाते हैं।

उत्तर - सही

(ii) कार्यालयी ज्ञापन का प्रयोग किसी मंत्रालय या प्रभाग के भीतरी पत्र व्यवहार में किया जाता है?

उत्तर - सही

(iii) अंतिम राशि प्राप्त करने के लिए सरकारी पत्र लिखे जाते हैं।

उत्तर - सही

23. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त वाले विकल्प को चुनकर लिखिए:

सुनि मुनि बचन राम रुख पाई। गुरु साहिब अनुकूल अघाई।
लखि अपने सिर सबु छरु भारू। कहि न सकहिं कछु करहिं विचारू॥
पुलकि सरीर सभाँ भए ठाढ़े। नीरज नयन नेह जल बाढ़े।
कहब मोर मुनिनाथ निबाहा। एहि तें अधिक कहौं मैं काहा॥
मैं जानऊँ निज नाथ सुभाऊ। अपराधिहु पर कोह न काऊ।
मो पर कृपा सनेहु बिसेषी। खेलत खुनिस न कब हूँ देखी॥
सिसुपन तें परि हरेउँ न संगू। कबहुँ न कीन्ह मोर मन भंगू॥
मैं प्रभु कृपा रीति जियँ जोही। हारेहुँ खेल जितावहिं मोही॥

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

(i) किसके नेत्रों से अश्रु बहने लगे?

(क) राम **(ख) भरत**

(ग) कैकयी **(घ) मुनि**

उत्तर - (ख) भरत

(ii) गुरु वशिष्ठ ने क्या किया?

(क) राम के मन की बात कह दी **(ख) भरत के मन की बात कह दी**

(ग) राम को अयोध्या चलने को कहा **(घ) भरत को चुप रहने को कहा**

उत्तर - (ख) भरत के मन की बात कह दी

(iii) राम के स्वभाव की क्या विशेषता है?

(क) छोटों से प्रेम न करना **(ख) दृढ़ता पूर्वक बोलना**

(ग) गुरुजनों पर क्रोध करना **(घ) अपराधी पर भी क्रोध न करना**

उत्तर - (घ) अपराधी पर भी क्रोध न करना

(iv) 'मो पर कृपा सनेहु विसेषी' पंक्ति में 'मो' किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?

(क) राम **(ख) भरत**

(ग) लक्ष्मण **(घ) वशिष्ठ**

उत्तर - (ख) भरत

(v) भरत की आँखे सदैव किसकी प्यासी बनी रही?

(क) राम के दर्शनों की **(ख) राम के प्रेम की**

(ग) माता कैकयी के प्रेम की **(घ) राजा दशरथ के प्रेम की**

उत्तर - (ख) राम के प्रेम की

(vi) 'नेह-जल' में कौन-सा अलंकार है?

(क) उत्प्रेक्षा **(ख) अतिशयोक्ति**

(ग) मानवीकरण **(घ) रूपक**

उत्तर - (घ) रूपक

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

(vii) बड़ों के सम्मुख मुँह न खोलना _____ ।

(क) उनसे डरना है **(ख) उन्हें प्रसन्न रखना है**

(ग) दबाव सहन करना है **(घ) शिष्टाचार की परंपरा है**

उत्तर - (घ) शिष्टाचार की परंपरा है

24. दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसपर आधारित प्रश्नों के उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए :

हमारे शैशवकालीन अतीत और प्रत्यक्ष वर्तमान के बीच में समय-प्रवाह का पाट ज्यों-ज्यों चौड़ा होता जाता है त्यों-त्यों हमारी स्मृति में अनजाने ही एक परिवर्तन लक्षित होने लगता है, शैशव की चित्रशाला के जिन चित्रों से हमारा रागात्मक संबंध गहरा होता है, उनकी रेखाएँ और रंग इतने स्पष्ट और चटकीले होते चलते हैं कि हम वार्धक्य की धुँधली आँखों से भी उन्हें प्रत्यक्ष देखते रह सकते हैं। पर जिनसे ऐसा संबंध नहीं होता वे फीके होते-होते इस प्रकार स्मृति से धुल जाते हैं कि दूसरों के स्मरण दिलाने पर भी उनका स्मरण कठिन हो जाता है। मेरे अतीत की चित्रशाला में बहिन सुभद्रा से मेरे सख्य का चित्र पहली कोटि में रखा जा सकता है, क्योंकि इतने वर्षों के उपरांत भी उसकी सब रंग-रेखाएँ अपनी सजीवता में स्पष्ट हैं।

(i) गद्यांश के रचयिता का नाम है :

(क) महावीर प्रसाद द्विवेदी **(ख) महादेवी वर्मा**

(ग) सुभद्राकुमारी चौहान **(घ) राजेन्द्र यादव**

उत्तर - (ख) महादेवी वर्मा

(ii) गद्यांश के पाठ का नाम है :

(क) दो कलाकार **(ख) सुभद्राकुमारी चौहान**

(ग) कुटज **(घ) यक्ष-युधिष्ठिर संवाद**

उत्तर - (ख) सुभद्राकुमारी चौहान

(iii) अतीत और वर्तमान के बीच की समय की खाई बढ़ने पर क्या परिणाम निकलता है?

(क) हमारी स्मृतियों में परिवर्तन आने लगता हैं।

(ख) हमारी स्मृतियाँ धूमिल पड़ने लगती हैं।

(ग) सामाजिक दूरियाँ बढ़ने लगती हैं।

(घ) पारिवारिक जिम्मेदारियाँ बढ़ने लगती हैं।

उत्तर - (ख) हमारी स्मृतियाँ धूमिल पड़ने लगती हैं।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

(iv) 'शैशव की चित्रशाला ..... गहरा होता है' - पंक्ति में प्रयुक्त 'चित्रों' से अभिप्राय है :

(क) व्यक्तियों से **(ख) तस्वीरों से**

(ग) वस्तुओं से **(घ) घटनाओं से**

उत्तर - (घ) घटनाओं से

(v) वार्धक्य का अर्थ है:

(क) जवानी **(ख) बुढ़ापा**

(ग) शैशवावस्था **(घ) सुप्तावस्था**

उत्तर - (ख) बुढ़ापा

(vi) लेखिका और सुभद्राकुमारी के बीच किस प्रकार के संबंध थे?

(क) रागात्मक **(ख) औपचारिक**

(ग) पारीवारिक **(घ) कामकाजी**

उत्तर - (क) रागात्मक

(vii) 'उनकी रेखाएँ और रंग ..... चटकीले होते चलते हैं।' वाक्य में प्रयुक्त 'रेखाएँ और रंग' संकेत करते हैं :

(क) बनावट और दृश्यता की ओर

(ख) रंग-रूप और वेशभूषा की ओर

(ग) जीवन और व्यक्तित्व की ओर

(घ) आकृति और वर्ण-विन्यास की ओर

उत्तर - (ग) जीवन और व्यक्तित्व की ओर

25. व्याकरण संबंधी निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर लिखिए :

(i) पाच्य, नूतन (विलोम शब्द लिखिए)

उत्तर - विलोम शब्द :

पाच्य - अपाच्य

नूतन - पुराना

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

(ii) अतिशय, लेखक (उपसर्ग/प्रत्यय अलग कीजिए)

उत्तर -

अतिशय - उपसर्ग : अति

लेखक - प्रत्यय : क

(iii) अरे तुम प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हो गए (विराम चिह्न लगाकर पुनः लिखिए)

उत्तर - अरे, तुम प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हो गए!

(iv) निरपराधी व्यक्ति को सजा नहीं मिलनी चाहिए। (वाक्य शुद्ध करके पुनः लिखिए)

उत्तर - निरपराधी व्यक्ति को सजा नहीं मिलनी चाहिए।

(v) एक जंगल में दो शेर रहते थे। (संयुक्त वाक्य बनाइए)

उत्तर - एक जंगल में दो शेर रहते थे, और वे हमेशा शिकार करते थे।

(vi) इतिहासिक, आशिवार्द (शब्दों का शुद्ध रूप लिखिए)

उत्तर - शुद्ध रूप :

इतिहासिक - ऐतिहासिक

आशिवार्द - आशीर्वाद

(vii) बालक दौड़ता है। (भाववाच्य में बदलिए)

उत्तर - दौड़ने का कार्य बालक द्वारा किया जाता है।

(viii) मुरारि, अधः+गति (संधिच्छेद/संधि कीजिए)

उत्तर -

मुरारि = मुर + आरी

अधः + गति = अधोगति

(ix) यथासमय (विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए)

उत्तर - विग्रह सहित समास का नाम :

समास विग्रह - यथा + समय (अव्ययीभाव समास)

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

(x) अन (प्रत्यय से दो शब्द बनाइए)

उत्तर - 'अन' प्रत्यय से दो शब्द :

1) जीवन
2) पालन

26. निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(i)

सोभित कर नवनीत लिए।
घुटुरुनि चलत रेनु तन-मेडित, मुख दधि लेप किये।
चारु कपोल, लोल लोचन, गोरोचन-तिलक दिये।
लट-लटकनि मनु मत्त मधुप-गन मादक मधुहिं पिए।
कठुला-कंठ वज्र के हरि-नख राजत रुचिर हिए।
धन्य सूर एकौ पल इहिं सुख, का सत कल्प जिए।

उत्तर -

सोभित कर नवनीत ..... सत कल्प जिए।

प्रसंग : प्रस्तुत पंक्तियाँ **सूरदास के पद** से संकलित है। इसके माध्यम से सूरदास जी ने बालकृष्ण के अनुपम सौंदर्य का मार्मिक एवं चित्रात्मक वर्णन किया है। सूर के इस बाल-वर्णन में स्वाभाविकता, सरलता और मनोरमता का अद्‌भुत संयोग है।

व्याख्या : सूरदासजी कहते हैं कि श्रीकृष्ण अभी बहुत छोटे हैं और नंद-यशोदा के घर के आंगन में घुटनों के बल ही चल पाते हैं। श्रीकृष्ण के छोटे से एक हाथ में ताजा माखन शोभायमान है और वह इस माखन को लेकर घुटनों के बल चल रहे हैं। उनका शरीर धूल में लिपटा हुआ है और यह धूल भी उनके सौंदर्य को बढ़ा रही है। उनके मुँह पर दही लिपटा है मानो मुख पर दही लेप कर लिया हो। उनके गाल सुंदर तथा नेत्र चंचल हैं। ललाट पर गोरोचन, तिलक के रूप में प्रयुक्त होने वाला एक सुगंधित पदार्थ, का तिलक लगा है। कृष्ण के बाल घुँघराले हैं। जब वे घुटनों के बल माखन लिए हुए चलते हैं तब घुँघराले बालों की लटें उनके कपोलों पर झूलने लगती हैं, जिससे ऐसा प्रतीत होता है मानो भ्रमर मधुर रस का पान करके मतवाले हो गए हैं। उनके गले में पड़े कठुले व सिंहनख से उनका सौंदर्य और अधिक बढ़ गया है। सूरदास कहते हैं कि श्रीकृष्ण के इस बाल रूप के दर्शन यदि एक पल के लिए भी हो जाए तो जीवन सार्थक हो जाए। अन्यथा सौ कल्पों या युगों तक भी जीवन निरर्थक ही है अर्थात् इस रूप-सौंदर्य के दर्शन के बिना अनंतकाल तक जिया गया जीवन भी बेकार है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

विशेष-

- कवि ने अनुप्रास और उत्प्रेक्षा अलंकारों की अनुपम छटा बिखेरी है।
- प्रत्येक पंक्ति में नाद-सौंदर्य भी है। ब्रजभाषा का सौंदर्य अनुपम है।
- 'कपोल लोल लोचन', 'मंडित मुख', 'मनु मत्त मधुप' में अनुप्रास और 'लट लटकनि मनु .... मधुहिं पिए' में उत्प्रेक्षा अलंकार है।

अथवा

(ii)

नक्शे में जंगल हैं पेड़ नहीं
नक्शे में नदियाँ हैं पानी नहीं
नक्शे में पहाड़ हैं पत्थर नहीं
नक्शे में देश है लोग नहीं
समझ ही गये होंगे आप कि हम सब
एक नक्शे में रहते हैं।

उत्तर -

नक्शे में जंगल ..... में रहते हैं।

प्रसंग : प्रस्तुत पंक्तियाँ हिन्दी की पाठ्यपुस्तक में **"नरेश सक्सेना"** द्वारा रचित **'नक्शे'** से अवतरित है। यह कविता हमारे समाज, पर्यावरण और मानवता की वास्तविक स्थिति पर गहरी टिप्पणी करती है।

व्याख्या : कवि यह दिखाते हैं कि नक्शे में किसी स्थान का भौगोलिक विवरण तो होता है, लेकिन उसकी असली सुंदरता और जीवन की विविधता को नहीं दिखाया जा सकता। ये ऐसे नक्शे हैं जिसमें जंगल तो हैं, पर पेड़ नहीं। नदियाँ हैं, पर पानी नहीं। पहाड़ हैं, पर पत्थर नहीं। और तो और इन नक्शों में देश के देश दिखाई पड़ते हैं, पर लोगों का नामोनिशान नहीं है। मतलब भौगोलिक रूप से तो ये चीज़ें मौजूद हैं, किंतु उनका प्राण-तत्व, उनकी जीवंतता गायब है। यह हमारे समाज में शहरीकरण और आधुनिकता के नाम पर प्राकृतिक संसाधनों के शोषण को दर्शाता है। नक्शे में देश की सीमाएँ तो दिख सकती हैं, लेकिन उसमें लोगों की ज़िन्दगी, संघर्ष और पहचान नहीं होती, जो एक सामाजिक और राजनीतिक दृष्टिकोण को चुनौती देता है तथा इन नक्शों में मानवीयता एवं संवेदनाएँ की जगह नहीं हैं।

विशेष-

1. नक्शा इस पूँजीवादी व्यवस्था द्वारा तैयार की गई उन तमाम योजनाओं का प्रतीक हैं ,जिसमें आम लोगों और देशों को शामिल होने के लिए मज़बूर किया जाता है।
2. व्यक्ति, प्रकृति, संवेदना और मानवीयता के लिए कोई जगह नहीं है।
3. कविता में एक खास तरह की नाटकीयता है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

27. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर 50-60 शब्दों में लिखिए :

(i) 'संयुक्त परिवार' कविता के आधार पर लिखिए कि कवि अपने घर के लगी पर्ची को देखकर बेचैन क्यों हो उठता है? घर आए अतिथि बिना मिला लौट जाने पर आपकी क्या प्रतिक्रिया होती है?

उत्तर - कवि अपने घर के दरवाज़े पर लगी पर्ची देखकर बेचैन हो उठता है, क्योंकि यह संयुक्त परिवार के विघटन और आपसी आत्मीयता के अभाव को दर्शाती है। अतिथि का बिना मिले लौट जाना रिश्तों की दूरी को प्रकट करता है। यदि मेरे घर आए अतिथि बिना मिले लौट जाएँ, तो मुझे दुःख होगा और मैं संबंधों को सँजोने का प्रयास करूँगा।

(ii) 'क्या भूलूँ क्या याद करूँ मैं' कवि स्मृतियों के द्वंद्व से मुक्ति की कामना क्यों करता है?

उत्तर - कवि अपनी स्मृतियों के द्वंद्व से इसलिए मुक्ति चाहता है, क्योंकि उसकी यादों में सुख और दुःख दोनों समाए हैं। ये स्मृतियाँ उसे मानसिक रूप से उलझा देती हैं। कवि चाहता है कि वह अतीत के बोझ से मुक्त होकर वर्तमान में जी सके और जीवन में नई दिशा की ओर बढ़ सके।

(iii) 'परशुराम के उपदेश' कविता के संदर्भ में 'दिनकर 'जी की भाषागत विशेषताओं पर टिप्पणी कीजिए।

उत्तर - 'परशुराम के उपदेश' कविता में दिनकर जी की भाषा ओजपूर्ण, प्रवाहमयी और तत्सम शब्दों से युक्त है। उनकी भाषा भावानुकूल और प्रभावशाली है। कविता में लयात्मकता, गत्यात्मकता तथा लाक्षणिक अभिव्यक्ति का सुंदर प्रयोग मिलता है, जो वीर रस को प्रभावशाली बनाता है। उदाहरण :

- वैराग्य छोड़ बाँहों की विभा सँभालो
- पीयूष चंद्रमाओं को पकड़ निचोड़ो
- किरिचों पर अपने तन का चाम मढ़ो रे !

28. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

जला अस्थियाँ बारी-बारी

चटकाई जिनमें चिंगारी,

जो चढ़ गये पुण्यवेदी पर,

लिए बिना गर्दन का मोल।

कलम, आज उनकी जय बोल।

जो अगणित लघु दीप हमारे

तूफानों में एक किनारे,

जल-जलाकर बुझ गए किसी दिन

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

माँगा नहीं स्नेह मुँह खोल

कलम, आज उनकी जय बोल

पीकर जिनकी लाल शिखाएँ

उगल रही सौ लपट दिशाएँ

जिनके सिंहनाद से सहमी,

धरती रही अभी तक डोल

कलम, आज उनकी जय बोल

अंधा, चकाचौध का मारा

क्या जाने इतिहास बेचारा

साखी हैं उनकी महिमा के,

सूर्य चन्द्र भूगोल खगोल।

कलम, आज उनकी जय बोल।

(i) कलम से किनकी जय बोलने के लिए कहा जा रहा है? और क्यों?

उत्तर - कलम से स्वतंत्रता सेनानियों की जय बोलने के लिए कहा जा रहा है। क्योंकि उनके बलिदानों के कारण ही हमें स्वतंत्रता प्राप्त हुई है, और उनका संघर्ष हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत है।

(ii) 'लिए बिना गर्दन का मोल' का क्या आशय है?

उत्तर - 'लिए बिना गर्दन का मोल' का आशय है कि उन्होंने बिना अपनी जान की परवाह किए हुए, , अपने प्राणों की आहुति दी।

(iii) स्वाधीनता सेनानियों के बलिदान के साक्षी कौन हैं? और कैसे?

उत्तर - स्वाधीनता सेनानियों के बलिदान के साक्षी इतिहास, सूर्य, चंद्र, भूगोल और खगोल हैं।

(iv) इतिहास को अंधा क्यों कहा है?

उत्तर - इतिहास को अंधा इसलिए कहा गया है क्योंकि वह कभी भी स्वाधीनता सेनानियों के बलिदान और संघर्ष को पूरी तरह से पहचान और सम्मान नहीं दे सका।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

(v) स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति हमारा क्या कर्त्तव्य है?

उत्तर - हम उनके द्वारा दिए गए स्वतंत्रता के मूल्य और संघर्षों को हमेशा याद रखें और उसे संजोएं।

29. निम्नलिखित गद्यांश की व्याख्या कीजिए :

(i) मेरे मन में सावरकर के प्रति पूर्वाग्रह था, क्योंकि उनका संबंध 'हिंदू महासभा' से रहा। मैंने नहीं सोचा कि एक हिंदू के रूप में अपनी अस्मिता की तलाश सांप्रदायिकता नहीं। कम-से-कम ऐसा व्यक्ति सांप्रद्रायिक नहीं हो सकता, जिसने देशभक्ति की इतनी बड़ी सजा भोगी हो।

उत्तर -

मेरे मन में ..... सजा भोगी हो।

प्रसंग : प्रस्तुत गद्यांश **"श्रीकांत वर्मा"** द्वारा लिखित **"अंडमान डायरी"** से लिया गया है। श्रीकांत वर्मा सन् 1986 की जनवरी में यह अनुभव करते हैं कि सावरकर स्वाधीनता संग्राम के इतिहास में जिस कीर्ति के अधिकारी थे; उनसे उन्हें वंचित रखा गया।

व्याख्या : प्रस्तुत गद्यांश के माध्यम से लेखक बताते है कि उन्होंने 1986 में यह महसूस करते हैं कि स्वतंत्रता संग्राम में वीर सावरकर ने जो योगदान दिया, उसका उन्हें उचित सम्मान नहीं मिला। आज़ादी के बाद सत्ता में आए दल ने सावरकर के विचारों को अस्वीकार कर दिया, क्योंकि उनका संबंध 'हिंदू महासभा' से था। इस कारण उन्हें सांप्रदायिक मान लिया गया। लेखक जब सेल्यूलर जेल में उनकी कोठरी के सामने खड़ा होता है, तो उसे एक तरह का अपराधबोध महसूस होता है, क्योंकि सावरकर को 25-25 साल की सज़ा मिली थी और उन्होंने 9 साल 10 महीने अंडमान की सेल्यूलर जेल में बिताए। 1924 में उन्हें रिहा किया गया, लेकिन शर्त थी कि वे कोई राजनीतिक गतिविधि नहीं करेंगे। उनके जीवन के अंतिम बीस साल अकेलेपन और बदनामी में बीते। लेखक उनकी मूर्ति को देखकर आदरपूर्वक सिर झुका लेते हैं।

विशेष-

- इस पाठ की भाषा बहुत सरल और प्रवाहयुक्त है।
- डायरी में पूरी ईमानदारी और स्पष्टता के साथ श्रीकांत वर्मा ने सावरकर की उपलब्धि और योगदान को दर्ज किया है।
- श्रीकांत वर्मा ने बीसवीं सदी के सीमांत वर्षों में स्वयं को सावरकर के प्रकरण में संशोधित किया था। उनमें स्वीकार का साहस था।

अथवा

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

(ii) ये जो ठिगने-से लेकिन शानदार दरख्त गर्मी की भयंकर मार खा-खाकर और भूख-प्यास की निरंतर चोट सह-सहकर भी जी रहे हैं, इन्हें क्या कहूँ? सिर्फ जी ही नहीं रहे हैं, हँस भी रहे हैं। बेहया हैं क्या? या मस्तमौला है? कभी-कभी जो लोग ऊपर से बेहया दिखते हैं, उनकी जड़े काफी गहरे पैठी रहती हैं। ये पाषाण की छाती फाड़कर न जाने किस अतल गह्वर से अपना भोग्य खींच लाते हैं।

उत्तर -

ये जो ठिगने-से ..... खींच लाते हैं।

प्रसंग : प्रस्तुत गद्यांश प्रसिद्ध निबंधकार **आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी** द्वारा रचित निबंध **'कुटज'** से अवतरित है। इसमें लेखक कुटज के स्वरूप, मस्तमौलापन एवं उसकी सहनशीलता को दर्शाता है।

व्याख्या : लेखक बताता है कि शिवालिक पर्वत श्रृंखला सूखी और नीरस है। यहाँ पानी का अभाव रहता है। फिर भी यहाँ जो ठिगने से कुटज के वृक्ष शान से खड़े और जीते हुए दिखाई देते हैं। ये कुटज के वृक्ष भयंकर गर्मी की मार झेलते रहते हैं। ये भूख प्यास की चोट को भी सहते हैं। यहाँ इन्हें भोजन तक प्राप्त नहीं होता। फिर भी जीते हैं। इनकी जीने की प्रशंसा करनी पड़ेगी। ये केवल जीते हीं नहीं, हँसते भी रहते हैं। इन्हें बेहया (बेशर्म) भी नहीं कहा जा सकता। ये तो मस्तमौला हैं। कुछ लोग ऊपर से बेशर्म प्रतीत होते हैं, पर उनकी जड़ें गहरी होती हैं। कुटज के वृक्षों की जड़ें भी गहराई तक गई होती हैं। ये तो पत्थरों की छाती को चीरकर भी अपना भोजन खींच निकाल लेते हैं। गहरी खाई से भी अपना भोग्य खींच लेते हैं। इससे उनकी जीने की इच्छा का पता चलता है।

विशेष-

- कुटज की जीने की इच्छा का वर्णन हुआ है।
- रोचक शैली का अनुसरण किया गया है।
- कुटज के मस्तमौला स्वभाव का वर्णन किया गया है।
- वर्णनात्मक शैली अपनाई गई है।

30. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर 50-60 शब्दों में लिखिए :

(i) 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में गोपाल प्रसाद लड़कियों की उच्च शिक्षा का विरोध क्यों करते हैं? क्या आप उनके विचारों से सहमत हैं?

उत्तर - गोपाल प्रसाद लड़कियों की उच्च शिक्षा का विरोध इसलिए करते हैं, क्योंकि वे रूढ़िवादी सोच रखते हैं। उनके अनुसार लड़कियों का काम घर सँभालना है, पढ़-लिखकर आगे बढ़ना नहीं। वे शिक्षा को पुरुषों का अधिकार मानते हैं। मैं उनके विचारों से सहमत नहीं हूँ, क्योंकि शिक्षा लड़के और लड़की दोनों के लिए आवश्यक है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

(ii) व्यंग्य रचना से आप क्या समझते हैं? 'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' पाठ एक व्यंग्य रचना है। पुष्टि कीजिए।

उत्तर - व्यंग्य रचना वह होती है, जिसमें समाज की बुराइयों को हँसी और कटाक्ष के माध्यम से दिखाया जाता है। 'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' एक व्यंग्य रचना है, क्योंकि इसमें वृद्ध साहित्यकारों के दिखावे, मोह और नई पीढ़ी को अवसर न देने की प्रवृत्ति पर लेखक ने हास्यपूर्ण ढंग से प्रहार किया है।

(iii) 'चीफ की दावत' कहानी का प्रमुख पात्र आप किसे मानते हैं और क्यों?

उत्तर - 'चीफ की दावत' कहानी की प्रमुख पात्र शामनाथ की माँ है, क्योंकि पूरी कहानी उन्हीं के चारों ओर घूमती है। वे त्याग, ममता और सहनशीलता की प्रतीक हैं। बेटे की उन्नति के लिए उन्होंने सब कुछ सहा, फिर भी अपमानित हुईं। उनकी पीड़ा और बलिदान ही कहानी का केंद्र है।

31. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

प्राणी जगत की सलामती के लिए वायुमंडल के संघटकों का संतुलन अनिवार्य है। पिछले कुछ वर्षों से मानवीय कुचेष्टाओं के कारण वैश्विक तापमान में असाधारण वृद्धि का सिलसिला गंभीर मंथन का विषय है। जलवायु परिवर्तन की परिणति तापमान-वृद्धि तक सीमित नहीं है। अन्य विकृतियाँ भी पृथ्वी के सभी-भूभागों में अकाल, ध्रुवीय इलाकों में बर्फ का पिघलना, तूफान, सुनामी आदि के रूप में दिख रही हैं। समुद्री जलस्तर में वृद्धि से जल-जीवन तो डांवाडोल होता ही है, कई समुदाय भी विस्थापन को मजबूर होते हैं।

'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' के दौर में ग्लोबल वार्मिंग जैसी चुनौतियों से बिना लोक सहभागिता के नहीं निपट सकते। घरेलू सामान का फिर से उपयोग, मोटर वाहन व बिजली की कम खपत का अभ्यास, वृक्षारोपण जैसी अनेक युक्तियों से कार्बन उत्सर्जन को घटाना सहज है। पृथ्वी का मौजूदा तापमान पिछले सवा दो सौ वर्षों में डेढ़ डिग्री सेल्सियस तक बढ़ चुका है और यह सिलसिला थम नहीं रहा है। पेरिस समझौता का लक्ष्य है कि 2030 तक उत्सर्जन आधे तक सीमित रह जाए और 2050 तक शून्य स्तर पर टिक जाए। 'ग्रीनहाऊस' गैसों का उत्सर्जन इतना कम हो कि जीव-जगत साँस ले सकें, सुरक्षित रह सकें।

(i) जलवायु परिवर्तन का असर धरती के तापमान-वृद्धि के साथ अन्य किन आपदाओं के रूप में दिखाई देता है?

उत्तर - जलवायु परिवर्तन का असर तापमान-वृद्धि के साथ-साथ अकाल, ध्रुवीय इलाकों में बर्फ का पिघलना, तूफान, सुनामी आदि के रूप में भी दिखाई दे रहा है।

(ii) समुद्री जलस्तर में वृद्धि के क्या दुष्परिणाम हैं?

उत्तर - समुद्री जलस्तर में वृद्धि से जल-जीवन अस्थिर होता है और कई समुदायों को विस्थापन का सामना करना पड़ता है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

(iii) 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' से क्या अभिप्राय है?

उत्तर - 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' का अभिप्राय यह है कि सभी मानव और जीव-जंतु मिलकर पृथ्वी का संरक्षण करें।

(iv) 'शून्य गैस उत्सर्जन' से आप क्या समझते हैं?

उत्तर - 'शून्य गैस उत्सर्जन' का मतलब है कि कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन पूरी तरह से बंद हो जाए, ताकि पृथ्वी का तापमान नियंत्रित किया जा सके और पर्यावरण सुरक्षित रह सके।

(v) धरती के तापमान वृद्धि को कम करने में आप किस प्रकार सहयोग कर सकते हैं?

उत्तर - धरती के तापमान वृद्धि को कम करने में निम्न प्रकार से सहयोग कर सकते है:

- घरेलू सामान का पुन: उपयोग और पुनर्चक्रण।
- मोटर वाहनों और बिजली की खपत को कम करना।
- वृक्षारोपण करना और पेड़ों की देखभाल करना।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

32. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 50-60 शब्दों में लिखिए :

(i) क.ख.ग. नगर में 'विद्युतीकरण योजना' के संपादन में देरी होने का कारण स्पष्ट करते हुए मुख्य अभियंता अ.ब.स. प्रदेश, राज्य विद्युत परिषद को एक परिपत्र लिखिए।

राज्य विद्युत परिषद, अ.ब.स. प्रदेश

परिपत्र संख्या : 12/2025 **दिनांक :** 12/01/2024

प्रति,

मुख्य अभियंता

अ.ब.स. प्रदेश

विषय : विद्युतीकरण योजना' के संपादन में देरी के संबंध में।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि शिवपुर नगर में विद्युतीकरण योजना बजट में देरी, भारी वर्षा तथा भूमि स्वीकृति में विलंब के कारण प्रभावित हुई है, जिससे कार्य की प्रगति धीमी रही। अतः आपसे अनुरोध है कि आवश्यक दिशा-निर्देश एवं सहयोग प्रदान करने की कृपा करें, ताकि योजना को शीघ्र पूर्ण किया जा सके।

मुख्य अभियंता

हस्ताक्षर/नाम/पदनाम

प्रतिलिपि :

1. मुख्य अभियंता, राज्य विद्युत परिषद
2. क्षेत्रीय अभियंता, अ.ब.स. प्रदेश
3. वित्त विभाग, राज्य जल विभाग

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

(ii) क्रेडिट कार्ड प्राप्ति हेतु अनुरोध करते हुए दीपक/दीपिका की ओर से क.ख.ग. बैंक के प्रबंधक को एक आवेदन पत्र लिखिए।

उत्तर -

सेवा में,

श्रीमान बैंक प्रबंधक

SBI बैंक,

विषय : क्रेडिट कार्ड प्राप्ति हेतु आवेदन पत्र

महोदय,

सविनय निवेदन है कि मैं दीपिका शर्मा, आपके बैंक की नियमित ग्राहक हूँ। मेरी बचत/चालू खाता संख्या 1234XXXXXXX आपकी शाखा में है। मैं क्रेडिट कार्ड प्राप्त करना चाहती हूँ तथा बैंक की सभी शर्तों का पालन करने को तैयार हूँ। आवश्यक दस्तावेज़ संलग्न हैं। कृपया मेरे आवेदन पर विचार कर क्रेडिट कार्ड प्रदान करने की कृपा करें।

धन्यवाद

भवदीय,

दीपिका शर्मा

शिव नगर, नई दिल्ली - 110001

संपर्क नंबर : 97846XXXXX

दिनांक : 13/03/2025

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

33. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 50-60 शब्दों में लिखिए :

(i) बैंकिंग क्षेत्र में प्रयुक्त होने वाली हिंदी प्रयुक्तियाँ हमारे दैनिक जीवन में शामिल होने का कारण स्पष्ट करते हुए इसकी दो श्रेणियों का उल्लेख कीजिए।

उत्तर – बैंकिंग क्षेत्र हमारे दैनिक जीवन का आवश्यक भाग बन गया है, क्योंकि आज लगभग प्रत्येक व्यक्ति का बैंक से सीधा संबंध है। खाते, ऋण, एटीएम और डिजिटल लेन-देन के कारण बैंकिंग की हिंदी प्रयुक्तियाँ आम हो गई हैं। ये **दो श्रेणियों में** आती हैं-

(1) अंग्रेजी व अरबी-फारसी से आए शब्द, जैसे बकाया और बजट।

(2) संस्कृतनिष्ठ व बोलचाल के शब्द, जैसे आवेदन, मूल्य और मुआवजा।

(ii) संचार माध्यमों में प्रयुक्त होने वाली हिंदी की तीन विशेषताएँ लिखिए।

उत्तर - संचार माध्यमों में प्रयुक्त होने वाली हिंदी की विशेषताएँ इस प्रकार हैं :

1. **मिश्रित भाषा -** संचार माध्यमों की हिंदी में हिंदी के साथ-साथ अंग्रेजी शब्दों का भी प्रयोग होता है, जिससे भाषा मिश्रित रूप धारण कर लेती है।
2. **विषय-विशेष शब्दावली -** इसमें राजनीति, खेल, तकनीक आदि विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित शब्दों का प्रयोग किया जाता है।
3. **सरल और बोधगम्य भाषा -** संचार माध्यमों की हिंदी ऐसी होती है जिसे आम जनता आसानी से समझ सके।

34. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 80-100 शब्दों में लिखिए :

(i) 'मानव जीवन में कंप्यूटर ने अपना एक विशेष स्थान बना लिया है।' इस कथन की सत्यता कंप्यूटर के विभिन्न क्षेत्रों में होने वाले किन्हीं चार उदाहरणों द्वारा कीजिए।

उत्तर - मानव जीवन में कंप्यूटर ने अपना एक विशेष स्थान बना लिया है। यह कथन सत्य है आज समाज का लगभग हर व्यक्ति कंप्यूटर को किसी ना किसी रूप में प्रयोग कर रहा है। बैंकिंग क्षेत्र में कंप्यूटर के माध्यम से एटीएम से धन निकासी, ऑनलाइन पैसे भेजना और खाते की जानकारी प्राप्त की जाती है। **बीमा क्षेत्र में** कंप्यूटर द्वारा पॉलिसी जारी करना, किस्तों की गणना और दावों का निपटान किया जाता है। शिक्षा के क्षेत्र में ऑनलाइन कक्षाएँ, डिजिटल पुस्तकें और ऑनलाइन परीक्षाएँ संचालित होती हैं। चिकित्सा क्षेत्र में कंप्यूटर की सहायता से रोगों की जाँच, एक्स-रे, रिपोर्ट तैयार करना और मरीजों का रिकॉर्ड सुरक्षित रखा जाता है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

(ii) 'टंकण' से आप क्या समझते हैं? हिंदी भाषा में टंकण किस प्रकार किया जाता है?

उत्तर - नोटबुक कंप्यूटर पर टंकण करते हुए टाइपराइटर, मोबाइल फोन, कंप्यूटर आदि के कुंजीपटल को दबाकर टेक्स्ट को इनपुट करने की प्रक्रिया को टंकण या 'टाइपिंग' कहते हैं। जैसे "namaste" लिखने पर "नमस्ते" बनता है। **इंस्क्रिप्ट कीबोर्ड** सरकारी मान्यता प्राप्त विधि है, जिसमें हिंदी अक्षर निश्चित क्रम में होते हैं। **फोनेटिक कीबोर्ड** में शब्दों का टंकण उनके उच्चारण के अनुसार किया जाता है। इसके अतिरिक्त **रैमिंगटन कीबोर्ड** पुराने टाइपराइटर लेआउट पर आधारित है और कार्यालयों में प्रयुक्त होता है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

Thank you!

We hope you found this material helpful. We wish you the very best for your examination.

Strive for Excellence – Your Path to Success